तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025



12 प्रधान पाठकों के अधिकार बहाल करने विचार ...



13 बिजली दर में बढ़ोतरी का विरोध






## लगातार बारिश से नाले उफान पर, प्रशासन ने किया अलर्ट

# नाला पार कर रहा युवक बाइक के साथ बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बरसात के चलते नदी-नालों में उफान आ गया। इसी बीच बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया।





जानकारी के अनुसार सेमरिया–रोहांसी मार्ग पर एक युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर नाला पार कर रहा था। पानी का बहाव इतना तेज था कि युवक संतुलन नहीं बना सका और देखते ही देखते बाइक सहित बह गया। लोगों ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी और मौके पर जुटकर युवक को बचाने का प्रयास किया और ग्रामीणों के सहयोग से युवक को सुरक्षित बाहर निकला गया । स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से नालों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। कई जगहों पर छोटे पुल-पुलियाओं के ऊपर से पानी बहने लगा है। बावजूद इसके लोग जोखिम उठाकर आवागमन कर रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।इस घटना के बाद प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। तहसीलदार और पुलिस विभाग की टीम ने लोगों से अपील की है कि किसी भी स्थिति में नाले या उफनती नदी को पार करने का प्रयास न करें। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। उधर, क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि बरसात के दिनों में सेमरिया–रोहांसी मार्ग सहित अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर पुलिस की निगरानी व्यवस्था की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## शहीद वीर नारायण सिंह वाटिका में स्ट्रीट लाइट का स्विच बोर्ड पानी में डूबने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



सोनाखान के शहीद वीर नारायण सिंह वाटिका रेस्ट हाउस परिसर में 24 सितम्बर से हुई बारिश से स्थापित स्ट्रीट लाइट का स्विच बोर्ड डूबने की स्थिति में है। यह परिस्थिति नागरिकों आगंतुकों तथा बया राजादेवरी, गिरौदपुरी मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय नागरिकों ने बताया गया है कि स्विच बोर्ड तक पानी पहुंचने से किसी भी समय विद्युत प्रवाह होने की संभावना बनी रहती है, जिससे दुर्घटना घटित होने का खतरा है। चूंकि इस स्थल पर वर्षा जल का बहाव रुक कर जमा होता है, अतः स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। नागरिकों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। स्विच बोर्ड को ऊंचाई वाले सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। परिसर एवं मुख्य मार्ग पर वर्षा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ⏩ शेष पेज 13 पर

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं.

सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम॥

## स्वच्छाग्रही महिला समूह को 8 साल से नहीं मिल रही प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ रिसदा

ग्राम को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छाग्रही महिला समूहों को इन दिनों परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। यह पूरा वाक्य बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरमा की भारत माता वाहिनी स्वच्छाग्रही महिला समूह का है। स्वच्छाग्रही महिला समूह द्वारा 2017 में ग्राम में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत गांव में स्वच्छता की अलख जगाने एवं गांव को स्वच्छ सुंदर साफ बनाने का बीड़ा उठाने के लिए समूह की गठन किया गया था, किंतु आज पर्यंत तक तक इन महिला समूह को किसी प्रकार की सहयोगात्मक राशि नहीं मिली है। इस कारण से इन लोग हताश एवं निराशा है।

जानकारी अनुसार हर ग्राम पंचायत में स्वच्छताग्राही महिला समूह को अपने ग्राम पंचायत के अंतर्गत सभी घरों एवं दुकानों से एक निश्चित राशि तय कर स्वच्छता शुल्क के रूप में लेना है। अथवा पंचायत द्वारा उन्हें हर महीने प्रोत्साहन के तौर पर 1500 से 3000 तक प्रोत्साहित करने दिया जा सकता है। स ⏩ शेष पेज 13 पर

## उपाध्याय की जयंती पर वार्डों में की गई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

पं. दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत अर्जुनी के वार्ड क्रमांक 1 विद्यानगर सरस्वती शिशु मन्दिर परिसर पर एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान पर जयंती विशेष में दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया। साथ ही इस अवसर पर उन्हें नमन कर विद्यानगर वार्ड पंच चित्ररेखा यदु के साथ स्वच्छता पखवाड़ा में अटल चौक, बोरिंग के आसपास, शिशु मंदिर के आसपास एवं दुर्गा माता मंदिर के स्थान एवं आसपास में साफ सफाई की, जिसमें पंच प्रतिनिधि व सेवानिवृत्त शिक्षक गंगाप्रसाद यदु, रामचंद सेन, हीरालाल वर्मा, सीमा साहू, रुचि वर्मा, मीनी वर्मा, पूजा साहू, दिशा शर्मा आदि ने अपनी भागीदारी निभाई।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302



## जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



पलारी । पीपल चौक कौड़िया।



पलारी । नीम चौक बांस बिनौरी।



पलारी । देहान पारा घिरघोल ।





सुहेला। ग्राम रावन में नवरात्रि पर 21 रूपों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

## खबर संक्षेप



### अमृतलाल बने अध्यक्ष

**सेल।** ग्राम साबर में परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में अमृतलाल साहू ने 49 वोट पाकर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी युत्रकुमार साहू को 44 वोट मिले। अमृतलाल साहू की जीत पर समर्थकों ने जमकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष से समाज की उन्नति और एकता के लिए कार्य करने की अपेक्षा जताई।

### मां डोंगर देवी मंदिर में 673 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

**भवानीपुर।** पलारी के ग्राम मलपुरी गिधपुरी मां डोंगर देवी मंदिर में पं. शेखराम शर्मा द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना दीप प्रज्वलित किया गया, जिसमें 673 जोत प्रचलित की गई है।

### स्ट्रीट लाइटों की खरीदी अब अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से होगी

खरोरा। नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने उपमुख्यमंत्री नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा से भेंट कर नगर की



विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। नगर में प्रकाश व्यवस्था की समस्या को रखते हुए मंत्री अरुण साव को जानकारी दी। उक्त समस्या पर संज्ञान लेते हुए नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा नगरी प्रशासन विभाग के माध्यम से आदेश जारी करवाया गया, जिससे अब छत्तीसगढ़ समस्त नगरीय निकायों में स्ट्रीट लाइटों की खरीदी अध्यक्ष एवं पार्षद निधि द्वारा की जा सकती है। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार से पहले उक्त आदेश प्राप्त होने पर नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी एवं पार्षदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार से पहले स्ट्रीट लाइट खरीदने का जो आदेश आया है, इससे प्रकाश व्यवस्था की जो समस्या थी उसका निदान होगा एवं व्यवस्थित रूप से प्रकाश की व्यवस्था की जा सकेगी।

### हायर सेकंडरी की 48 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर सरस्वती साइकिल वितरण के तहत 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। छात्राओं को जनप्रतिनिधि द्वारा गुलाल से तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया और कक्षा 11की छात्रा दीपली ध्रुव पिता विशाल ध्रुव को संभाग स्तरीय कराटे चैंपियन पर चयन हने पर शिक्षक एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें मुंह मीठा कर बधाई दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, शाला विकास समिति अध्यक्ष मदन साहू जनपद सदस्य अनुसुईया चंद्राकर, सरपंच प्रेमीन लहरे, उपसरपंच फागुराम सेन, मोकेश चंद्राकर जगदीश लहरे, सेवक साहू, संस्था प्रमुख शिवकुमार साहू, सुरेन्द्र यदुवंशी, अनिल डांडेकर, चुन्नीलाल घृतलहरे, लाभेश्वर सुनहरे, प्रदीप महेश्वरी, विजय भतपहरी, चंद्रिका रात्रे, सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### उपाध्याय जयंती पर भाजपा ने किया संगोष्ठी का आयोजन

# अंत्योदय उत्थान के लिए समर्पित रहे पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा कार्यालय में गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मुख्य वक्ता पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े तथा जिलाध्यक्ष आनंद यादव उपस्थित रहे।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी अंत्योदय उत्थान के लिए समर्पित रहे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों को साकार कर रहे हैं और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों को मकान मालिक बनने का सपना पूरा किया है।मुख्य वक्ता देवजी भाई पटेल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की नीति दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित है। वहीं, डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने वादों को पूरा कर देशभर में विकास कार्य किए हैं। जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने प्रधानमंत्री अन्न योजना को उपाध्याय जी की सोच का प्रत्यक्ष रूपांतरण बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल, बलौदा बाजार नपा अध्यक्ष अशोक जैन, भाटापारा नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, बलौदा बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।




### हथबंद मंडल में मनी उपाध्याय जयंती



हथबंद। नवापारा हथबंद में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंत मनाई गई। इस अवसर पर उनकी छाया प्रतिमाओं पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महान विभूतियों के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। समारोह में मुख्य रूप से धन्ना निषाद, प्रकाश पाल, नरेश अनंत प्रतिनिधि सरपंच पंच मूलचंद टंडन, डॉ. उत्तम कुमार विश्वास, संतराम ध्रुव, जीतू यादव, जितेंद्र साहू, राजेश प्रजापति, धनीराम रजक, कुमार कोसले, धनेश्वरी वर्मा और कोमल निषाद, ठाकेश चतुरे, नंद कुमार साहू उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके मार्गदर्शन से ही ग्राम विकास की राह प्रशस्त होती है। जिसमे बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता रहे शामिल रहे ।

## राष्ट्रीय पोषण माह में महिलाओं को दी गई शिशुओं के पोषण आहार की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत हरिनभट्टा में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर शिशु एवं बाल आहार विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक द्वारा गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं नवविवाहित महिलाओं को शिशु और मातृ पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम में माताओं को जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने के महत्व, छः माह तक केवल मां का दूध देने तथा उसके बाद पूरक आहार शुरू करने की जानकारी दी गई। साथ ही पौष्टिक आहार, स्वच्छता एवं एनीमिया से बचाव के उपाय भी बताए गए। नवविवाहित महिलाओं को भविष्य की मातृत्व स्वास्थ्य देखभाल, संतुलित आहार और स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की कि पोषण से जुड़े संदेशों को अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाए ताकि कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण हो।

उक्त कार्यक्रम में जनपद सभापति प्रतिनिधि गिरजा लाल टोंडे, सरपंच जानकी सोनवानी, पूर्व सरपंच रंजीत सोनवानी, पंच बबीता बघेल, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे। वहीं सेक्टर बनसांकरा अंतर्गत ग्राम केसदा के आंगनबाड़ी में पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खाद्य पदार्थो एवं खिलौनों का प्रदर्शन किया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से रति राम धृतलहरे, कार्यकर्ता अंजू धृतलहरे, सीमा निर्मलकर, लक्ष्मी कुर्रे, राजेश्वरी निषाद, सेक्टर सुपरवाइजर नेहा सोनवानी सहित हितग्राही उपस्थित हुए।

## सेवा पखवाड़ा में गूंजा स्वच्छ गांव का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंधोरा में सरपंच दयाल महेश्वर के नेतृत्व में स्वच्छ उत्सव सेवा पखवाड़ा का आयोजन हुआ। इस आयोजन में ग्रामीणों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गांव के स्कूल और तालाब के किनारे भी विशेष सफाई की गई, ताकि बच्चों और ग्रामीणों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके इस अभियान ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का नाम है। दयाल महेश्वर के साथ मिलकर ग्राम को प्लास्टिक मुक्त और खुले में शौच मुक्त करने का भी संकल्प लिया । इस अवसर पर उप सरपंच रेवती यादव, शंभु सिंह डहरिया, केजराम महेश्वर, नर्मदा महेश्वर, आशकुमार यादव, नरोत्तम महेश्वर, भुमेश यादव समेत बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान से जुड़ी दीदी बहनें सहित करारोपणअधिकारी, मनहरण वर्मा, रामाधार कुरुवंशी, रजनीकांत बंजारे, चंद्रशेखर ध्रुव, ग्रामीण दिलीप यादव, हेमंत यादव आदि मौजूद थे।



### सेवा पखवाड़ा में पौधारोपण हुआ



खरोरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। उसी प्रपेक्ष में प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के दिशा निर्देश पर एवं कुल्कित चंद्रा के मार्गदर्शन में व आकाश गुप्ता व रवीश गुप्ता के सफल संचालन में भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण किसान मोर्चा के अध्यक्ष के किसान मोर्चा अनिल नायक के द्वारा को बंगोली हाईस्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप में पीओमो कार्यालय के निर्देश पर आइ एस एफ देहरादून से आए बीना पटेल, दीक्षा कोड़कनी, शिव कुमार बी एच, अनिल नायक अध्यक्ष किसान मोर्चा, राजकुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, छगन यादव उपाध्याय मण्डल खरोरा, उत्तम कुमार वर्मा, भुनेश्वर खुंटे, झुकू राम बांधे, आदि शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर की साफ-सफाई

**खरोरा।** ग्राम पंचायत कनकी में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 अंतर्गत 25 सितंबर को महा श्रमदान दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत कनकी बाजार चौक स्कूल परिसर और अमृत सरोवर तालाब परिसर में सरपंच दुर्गेश वर्मा, सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खडानंद वर्मा, आवास मित्र अमित पाठक, ग्रामीण केतराम वर्मा, स्वच्छता ग्राही महिला समूह, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीणों द्वारा श्रमदान किया गया। सरपंच द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलायी गई ।




## सशिमं में हुआ प्रश्न मंच एवं संस्कृति महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में प्रश्न मंच एवं संस्कृति महोत्सव हुआ। उदघाट्न सत्र के मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवां विधानसभा क्षेत्र विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी थे। संचालन समिति के अध्यक्ष वल्लभ लाहोटी, सह सचिव निलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मयंक बैस, नशा मुक्ति अभियान के अध्यक्ष वेदराम मनहरे, प्रांतीय संस्कार केंद्र प्रमुख चंद्रकुमार डड़सेना, प्रबंध समिति के सदस्य राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. अजयकुल श्रेष्ठ, संस्थान सह प्रांत प्रमुख रामकुमार वर्मा, खरोरा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, पार्षद तामेश्वर मरकाम, अंबिका बंछोर, पंचराम यादव एवं प्राचार्य सहित सह स्टाफ उपस्थित रहा।

## अनिल बने इंटक खरोरा ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उद्योराम वर्मा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा अध्यक्ष सौरभ मिश्रा की अनुशंसा पर अनिल मार्कोस को इंटक खरोरा ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र का वितरण जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, ऐतिहासिक कांग्रेस भवन, गांधी चौक रायपुर में हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, जिला सहकारी बैंक व जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा, खरोरा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा और धरसीवा ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने अनिल मार्कोस को जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास जताया कि वे मजदूरों के हक और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, पार्षद सुरेंद्र गिलहरे, सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सेवादल अध्यक्ष श्यामलाल बघेल समेत खरोरा व धरसीवा क्षेत्र के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### शिक्षक कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकाता

# प्रधान पाठकों के अधिकार बहाल करने विचार करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मंत्रालय में मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण के बाद उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की। संघ ने बताया कि प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं के उच्चतर माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के मिडिल स्कूलों में मर्ज होने के बाद प्रधान पाठकों के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रभावित हुए हैं। इस पर मंत्री यादव ने आश्वासन दिया कि प्रधानपाठकों के अधिकार पूर्ववत रखने पर विचार किया जा रहा है और समाधान में दो-तीन माह का समय लग सकता है। उन्होंने अधिकारियों को इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

संघ ने विभाग में लंबित पदोन्नतियों का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि व्याख्याताओं और प्रधान पाठकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दी जाए। साथ ही बी.एड. डिग्रीधारी शिक्षकों को व्याख्याता एवं डी.एड. डिग्रीधारी शिक्षकों को माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक पदोन्नति का अवसर दिया जाए।

संजय तिवारी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है, जिसके चलते कई व्याख्याता पंचायत अभी भी प्राथमिक शालाओं में कार्य करने को मजबूर हैं। प्रतिनिधिमंडल में रोहित साहू, डोमार सिन्हा, संतोष विश्वकर्मा, छबि श्याम, ओमप्रकाश कुर्रे, अरविंद चंद्रवाशी, नंदकुमार सिंह, प्रभात यादव, मोतीराम वर्मा, प्रकाश साहू, उमाशंकर वर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। प्रवक्ता पंकज दुबे ने बताया कि अगले माह इन मुद्दों पर पुनः व्यापक चर्चा प्रस्तावित है।



## कोपा उत्तीर्ण युवाओं को महाराष्ट्र में मिला रोज़गार



**गोपालपुर।** गांव और क्षेत्र के कई लड़का-लड़कियों के लिए रोज़गार के अवसर खुले हैं। ये सभी युवा महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित चार पहिया कंपनी में काम करने के लिए रवाना हुए हैं।

इन युवाओं ने शैक्षणिक सत्र 2024 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भटगांव से कोपा ट्रेड से अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। युवाओं को रोज़गार देने के लिए कंपनी के प्रतिनिधि 30 अगस्त को भटगांव आईटीआई पहुंचे थे। उन्होंने सभी योग्य लड़का-लड़कियों के दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच उपरांत जिन अभ्यर्थियों को योग्य पाया गया, उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र मिलने के साथ ही इन सभी युवाओं को अब रोज़गार उपलब्ध हो गया है। रोज़गार मिलने से इन युवाओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।

## जगह-जगह विराजी मां दुर्गा


मुंडा। बजरंग चौक जुड़ा


मुंडा। श्याम चौक कोलिहा।


मुंडा। महामाया चौक बरदा।


मुंडा। नयापारा भाटा चौक जुड़ा।


मुंडा। धूम दास चौक पैजनी।


मुंडा। सडक पारा कोलिहा

## खबर संक्षेप

### मोपका में आदर्श राम लीला कल से प्रारंभ

**भाटापारा।** ग्राम मोपका में आदर्श राम लीला 27 सितंबर से प्रारंभ होगी, जिसमें नारद मोह 28 सितंबर राम जन्म व 29 सितंबर मुनि आगमन ताड़का वध 30 सितंबर धनुष यज्ञ 1 सितंबर शुभ विवाह राम सिता विवाह 2 सितंबर को रावण वघ का कार्यक्रम रखा गया है।

## निधन

### जमुना बाई कन्नौजे



**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के प्रतिष्ठित नागरिक जमुना बाई कन्नौजे 75 का गुरुवार को निधन हो गया है। उन्हें स्थानीय मुक्तिधाम नगर पलारी में मुखाग्नि दी गई, जहां स्वजनों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे शिक्षक राजेश कन्नौजे, पूर्व पार्षद ताजेन्द कन्नौजे और प्रीतम कन्नौजे की मां थीं।

### महेत्तर लाल साहू



**पलारी।** ग्राम दतान निवासी महेत्तर लाल साहू 75 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें स्वजाति, स्नेहिजन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की । वे लेखराम, पुनाराम, नीलकमल, के पिता व मनोज, ईश्वर, तोमस, वैभव, जानकी, निशा, कुसुम, कविता, लेखनी, विद्या, चित्रांश के दादाजी थे ।

## पेज 11 के शेष

### स्वच्छाग्रही महिला ...

स्वच्छाग्रही महिला समूह द्वारा विगत 8 वर्षो से उन्हें किसी प्रकार की सहयोग राशि नहीं मिलने से हताश एवं निराश होकर 16 सितंबर को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी दुख पीड़ा बताते हुए स्वच्छाग्रही को जल्द राशि जारी करने की मांग पत्र भारत माता वाहिनी स्वच्छाग्रही महिला समूह द्वारा अपने सभी सदस्यों के साथ जाकर आवेदन सौंपे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद इन स्वच्छाग्रही महिला समूहों को कब तक उनके हक अधिकार की राशि प्राप्त होती है।

### शहीद वीर नारायण ...

प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान निकाला जाए। यदि इस समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो संभावित दुर्घटना की स्थिति में विभागीय लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगे ।

## जोहार पार्टी ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर निकाली रैली और सौंपा ज्ञापन

# बिजली दर में बढ़ोतरी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा




प्रदेश भाजपा द्वारा बिजली बिल के नाम पर जनता को लूटने, अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्याओं को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह 12 बजे जिले के सिमगा, भाटापारा, सुहेला, निपनिया, पलारी, बलौदाबाजार, अर्जुनी, लवन व कसडोल के पार्टी पदाधिकारी बलौदाबाजार के गार्डन चौक में एकत्रित हुए। वहां से रैली की शक्ल में अम्बेडकर चौक से वापस धरना स्थल तक रैली निकालकर बिजली के दर में वृद्धि मनमाना बिजली बिल व बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदेश की विष्णु देव सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन सरकार द्वारा दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और अब बिहार में भी जब 300 यूनिट तक का बिजली बिल माफ कर शून्य किया गया है, तो छत्तीसगढ़ में यह लूट क्यों मची है। छत्तीसगढ़ का कोयला, पानी, भूमि में बिजली बन रहा और अन्य प्रदेशों को बेचा जा रहा है, यहां बिना सूचना जानकारी के रोज बिजली कटौती हो रही है। लो-वोल्टेज के कारण किसान का सिंचाई के लिये पंप नहीं चल रहा। प्रदेश सरकार आने वाले समय में पूरा विद्युत विभाग का निजीकरण कर अडानी को बेचने जा रहा है, जिसके लिये अडानी का स्मार्ट मीटर घर घर लगाया जा रहा है। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर बलौदाबाजार के प्रतिनिधि को सौंप कर उक्त समस्या को दूर करने मांग की गई। इस मौके पर जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता चन्द्रकांत यदु, गोपाल वर्मा, रोहित साहू, लेखराम साहू, खिलेन्द्र वैष्णव, विनोद वर्मा, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिलाध्यक्ष सनत यदु, महामंत्री देवप्रसाद, तोरण साहू, जितेंद्र वर्मा, संजय यादव, यादव, रुद्र वर्मा, मुकेश वर्मा, तोरण निषाद, यामिनी साहू, गोपाल ध्रुव, डॉ. देवेश वर्मा, महेश यादव उपस्थित रहे। वहीं जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने पार्टी के सभी लोगों के साथ आम जनता से इस आन्दोलन सहभागिता के लिये धन्यवाद ज्ञापित कर आगे मांग पूरी न होने पर इस आंदोलन को गांव-गांव घर घर तक ले जा कर सरकार को मजबूत करने संकल्प दोहराया।

## कॉलेज में हिंदी दिवस पर स्वागत एवं विदाई समारोह हुआ




**पलारी।** बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एके उपाध्याय ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को हिंदी की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। हिंदी विभागाध्यक्ष एलएन जलहरे ने हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में आत्माराम वर्मा, बिरेन्द्र खरे, कोमल देवांगन, ईशाज्ञा मेश्राम, दीप्ती वर्मा, लकेश्वरी साहू, सोनम यादव, एकलव्य सिदार एवं कार्यालयीन स्टाफ से इंद्रदत्त डहरिया, दुजराम पटेल, डेविड सिंह डहरिया, ईशा पाठक, राहूल कनौजिया, रूपलाल देवांगन, असमन कुमार बांसरे आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर एम.ए.हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा मीनू बघेल, दानेश भतपहरी, उर्मिला वर्मा ने हिंदी दिवस मनाने एवं हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन दीपक डहरिया ने किया अंत में महाविद्यालय में कार्यरत राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष तुलसी पैकरा का स्थानांतरण होने के कारण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित किया गया।

## विज्ञान वैदिक गणित मेला में सशिमं पलारी का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिवस विभाग स्तरीय रायपुर, बलौदा बाजार जिला का विज्ञान और वैदिक गणित मेला का आयोजन नवापारा गोबरा में आयोजित हुआ, जिसके अंतर्गत मॉडल, प्रश्न मंच, पत्र वाचन, प्रयोग, विषय में सम्मिलित हुए जिनमें विज्ञान माडल में तारणी देवांगन, टेकेश्वर साहू, समीर वर्मा, निखिल पटेल, गणित मॉडल में दिक्षा माडले, पूर्णा विश्वकर्मा, अंजली सेन, चन्दन देवांगन प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं खेमराज वर्मा, मानसी वर्मा, रिषभ गुप्ता, प्रवीण, नितिन देवांगन द्वितीय स्थान प्राप्त किए उसी प्रकार पत्र वाचन में गरिमा वर्मा, श्रद्धा देवांगन, प्रथम स्थान पर रहे एवं वीणा देवांगन, निश्छल, द्वितीय स्थान पर रहे।

प्रश्न मंच में खनक, अन्वेषा भूमिका, जिज्ञासु, अमन, विदेश का समूह प्रथम,खुशबू, प्राची, अनामिका, उमंग खरे, देवांस वर्मा, सुमित स्वर्णकार द्वितीय स्थान पर रहे। प्रयोग में टिया साहू, प्रथम, विज्ञान प्रयोग में वंश मोरे द्वितीय स्थान पर रहेइस तरह जहां बच्चे खेलकूद में अपनी प्रतिभा दिखाए वहीं विज्ञान गणित विषय में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिए। विद्यार्थियों को विद्यालय समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव वर्मा, व्यवस्थापक ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य राकेश तिवारी सहित सभी पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राजेश बने नगर साहू समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर साहू समाज भाटापारा का चुनाव हुआ, जिसमें राजेश साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके साथ ही उपाध्यक्ष- मनहरण साहू, नीरादेवी साहू उपाध्यक्ष महिला, संगठन सचिव- तिलक साहू एवं प्रमिला साहू संगठन सचिव महिला निर्वाचित हुए।

चुनाव को संपन्न करने के लिए पर्यवेक्षकगण- बाबूलाल साव, लेखराम साहू, आनंद राम, लोकनाथ साहू, तिहारूराम साहू, वीरेंद साहू के साथ सालिक राम साहू, कविता साहू एवं माखन साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई।

राजेश साहू के नगर अध्यक्ष बनने पर विधायक इंद्र साव सहित सामाजिक बंधुओं ने समस्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है। जिसमें नभ नारायण साहू, रवि साहू, अजय साहू, कल्याणी साहू, संध्या साहू (पार्षद), दीपा साहू (पार्षद),रमशिला साहू (पार्षद), सतीश साहू (पार्षद), बाबूलाल साव दुखितराम साहू,दिनेश, संतोष, रामनारायण, घनाराम, मनीराम साहू, जीत नारायण, मुकेश साहू, चमार राय साहू, गोवर्धन, महेंद्र, निर्मल, शिवकुमार निकेश, डॉ. मेघराज, सतीश, पवन, आशुतोष, नारायण, संतोष, क्रांति साहू, कुलेश्वर, ओमप्रकाश, मन्ना, रविशंकर, सोनू, हेमकुमार, विकास, जितेश, प्लेस, गंगाराम आदि शामिल हैं।

## एनएसएस राज्य पुरस्कार से सम्मानित हुए प्रो.नरेन्द्र देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस 24 सितंबर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में दाऊ कल्याण महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक प्रो. नरेंद्र देव मिर्झा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान, मतदाता जागरूकता तथा विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 20 हजार नकद प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक हैं और ऐसे समर्पित कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन से ही युवा नई दिशा पाते हैं। नरेन्द्र देव मिर्झा ने इस सम्मान को समर्पित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एनएसएस स्वयंसेवकों की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने संकल्प लिया कि आगे भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सेवा के कार्यों से जोड़ते रहेंगे।

## गोपालपुर - गाताडीह मार्ग गड्ढे में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

गोपालपुर से गाताडीह तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण किया गया है। उक्त सड़क पर धौराभाठा में बहुत गड्ढे हो चुके हैं, जिसमें पानी भरा है। इससे राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण हुए रहते हैं उसमें भारी वाहन चलना निषेध रहता है, लेकिन उक्त सड़क पर यह नियम का पालन नहीं हो रहा। इस वजह से अनेक जगह खराब होने के कगार में है। लक्ष्मीकांत पटेल एवं ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए बताया कि हमारे गांव की यह सड़क में खतरनाक गड्ढे हैं।

अभी तक अनेक बाइक चालक घायल हो चुके है। उक्त लोग ने गड्ढा को पटवाने की मांग शासन प्रशासन से की है। और भारी वाहन को प्रतिबन्ध लगाने की बात की गई है। तब इस सड़क में राहगीर सुरक्षित सफर कर पाएंगे उक्त सड़क सराईपाली को जोड़ती है, जिसके कारण इस सड़क पर वाहनों का ज्यादा दबाव रहता है।



## सीतापार में राष्ट्रीय पोषण माह पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सीतापार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सीतापार की सरपंच कुंती साहू रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत सेक्टर हथबंद सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर पौष्टिक आहार एवं स्वच्छता का महत्व विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों, गर्भवती, धात्री माताओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना रहा। आंगनबाड़ी केंद्र सीतापार क्रमांक-01 में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया।

कार्यक्रम में सरपंच कुंती साहू, प्रधानपाठक रामनारायण वर्मा, ताम्रध्वज साहू, मनीष साहू, मंजु मनहरे, बिराजो साहू, तनु बघेल, खुशबू, तारनी दिवाकर, पुष्पा मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा बाधे, सहायिका शशि सिन्हा, सरोज वर्मा एवं नर्मदा कोशले ने सक्रिय सहयोग दिया।

## कलाकारी से दर्शक हो रहे लोट पोट

# रामलीला देखने में उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मंचन के तीसरे दिवस अहिल्या उद्धार, मीनाबाजार, पेटलराजा-लकटकिया कॉमेडी और रामसीता जयमाल की लीला दिखाई गई, जिसमें मीनाबाजार और जयमाल को संगीतों से व्यासगद्यी प्रमुख प्रकाश शर्मा, लाला शर्मा एवं रामजी जोशी ने सजाया। वहीं पेटलराजा की भुमिका में कोमल शर्मा और लकटकिया की भुमिका में जगदीश वैष्णव ने अपने बेहतरिन अभिनय और सटीक कॉमेडी टाइमिंग से उपस्थित दर्शको को हंसा हंसाकर लोट पोट कर दिया। तीसरे दिन के कार्यक्रम धनुष यज्ञ पेटल राजा लाख तकिया संवाद की शानदार लीला का मंचन हुआ मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की आरती में नगर के व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपनी सेवा दी, जिसमें पोहा मिल, राइस मिल, दाल मिल एवं अभिकर्ता संघ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रमुख रूप से नरेश आर्य अध्यक्ष दाल मिल एसोसिएशन, रंजीत दवानी अध्यक्ष पोहा मिल एशोसिएशन, गोपाल अग्रवाल अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, राजेश तिवारी अध्यक्ष अभिकर्ता संघ,अशोक किंगरानी, महेंद्र अग्रवाल, देवेंद्र भृगु, मनमीत सलूजा, अमन छाबड़ा, निकेश मुंधड़ा, शरद मल, दीपक मल, हरीश निहलानी, संजय सावलानी, अनिल सचदेवा, अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## जगह-जगह विराजी मां दुर्गा


अर्जुनी । नवदुर्गा उत्सव समिति विद्यानगर ।


अर्जुनी । आजाद चौक अर्जुनी।


अर्जुनी । नवदुर्गा उत्सव समिति विद्यानगर ।


अर्जुनी । कटारे मोहल्ला वार्ड नंबर 02 ।

## खबर संक्षेप



### एआई इंटर्नशिप प्रोग्राम का समापन आज

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 22 से 26 सितंबर तक राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.) का प्रशिक्षण आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य रजनी मिंज ने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण का मास्टर ट्रेनर राकेश शर्मा एवं सहायक प्रशिक्षक अक्षय गुप्ता है, जो राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के सौजन्य से पीएम श्री विद्यालयों में यह इंटर्नशिप प्रोग्राम संचालित कर रहे है। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य ए.आई. जागरूकता, कोडिंग, आधुनिक प्रोग्रामिंग, इसकी उपयोगिता और अनुप्रयोग की जानकारी प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण में लगभग 100 से अधिक बच्चे भाग लेकर लाभान्वित हो रहे हैं।

### साहू समाज ने दिया सामाजिक एकता पर जोर

**चिचोली।** छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक संख्या वाले साहू समाज को मजबूती प्रदान करने सभी समाज बंधुओं को एकजुट होकर निर्विरोध चुनाव में सहयोग करने का आह्वान किया है। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा दास साहू ने कहा कि



जिस प्रकार प्रदेश स्तर पर सभी पदों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ, उसी प्रकार परिक्षेत्र, तहसील और जिला स्तर पर भी निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने समाज की उन्नति के लिए त्याग और एकता को आवश्यक बताते हुए सभी से सामाजिक चुनावों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### सुरेश पुनः बने गुजराती समाज के अध्यक्ष

**भाटापारा।** गुजराती समाज ने नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसके तहत सुरेश भानु शाली एक बार पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। नई कार्यकारिणी के अनुसार उपाध्यक्ष मेहुल चौहान, सचिव देवेंद्र पटेल विजय राठौर, सचिव किशोर श्रीमाली, सहसचिव



लव सोनी,लोकेश टांक,गुंजन कारिया, कोषाध्यक्ष जिग्नेश सोनी, गिरीश केसरिया, पीयूष खीलोसिया, बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त संरक्षक एवं सलाहकार पद पर प्रकाश सोनी गोपाल भानुशाली सुशील सोनी बनाए गए हैं। निर्वाचन के बाद अध्यक्ष सुरेश भानुशाली ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरबा महोत्सव का आयोजन श्री कल्याण क्लब प्रांगण में किया जा रहा है,जिसका निर्धारित समय प्रतिदिन रात 9.30 बजे से 12 तक है।



Ajay Advt.

## अभियान : स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

# स्वच्छता रैली में सार्वजनिक स्थलों की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेल



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत पिसीद में एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम की अगुवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार साहू ने की। उनके साथ एडीओ अंजू भार्गव पुष्पेंद्र ध्रुव कर रोपड़ अधिकारी प्रकाश साहू, सदन कुमार ध्रुव तथा मिथिलेश चंद्राकर, मिथलेश साहू, कृष्ण कुमार पांडे कार्यक्रम अधिकारी एवं सुनील कुमार यादव उपस्थित थे। जनपद पंचायत कसडोल के सभी अधिकारी-कर्मचारी भी इस अभियान में शामिल रहे। सचिव गैसराम घृतलहरे, कमल दास मानिकपुरी, बसंत कुमार डार्सेना, सरपंच कार्तिक बंजारे, उपसरपंच देवनाथ पटेल, पंच हेमदास मानिकपुरी एवं मेलाराम पटेल समेत ग्राम पंचायत के पंचगण व समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों को स्वच्छता के महत्व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यक्तिगत साफ-सफाई और खुले में शौच से मुक्ति के विषयों पर जागरूक किया। वक्ताओं ने स्वच्छता को केवल सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार साहू ने कहा स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। हमें केवल एक दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत परिसर व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई में भाग लिया, जिससे स्वच्छता के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश मिला।

### सेवा पखवाड़ा में चलाया गया स्वच्छता अभियान





**सेल।** ग्राम पंचायत दर्रा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। ग्राम पंचायत दर्रा के सरपंच रंजीत पटेल के तत्वावधान में महिला समूह कमांडो द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव के अटल चौक महामाया चौक स्कूल पारा आदि जगहों की साफ-सफाई की गई। महिला समूह कमांडो के कार्य को देखकर गांव के सरपंच रंजीत पटेल ने सभी महिला कमांडो को साड़ी देकर सम्मानित किया। यह सम्मान महिला समूह कमांडो को उनके निस्वार्थ सेवा के लिए एक बड़ा सम्मान है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सेवा करना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। ग्राम पंचायत दर्रा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एक महत्वपूर्ण आयोजन था।


सिमगा । नवयुवक दुर्गोत्सव समिति बिनैका।


सिमगा । जागृति शारदोत्सव समिति ओटगन।


**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में मां जगदंबा भवानी दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना महामाया चौक में की गई। इस अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता के दर्शन करने लगी रहती है।


**मुंडा।** महामाया चौक, बाजार चौक, पलिया चौक में, बरदा के महामाया चौक, बाजार चौक पैजनी में इमली चौक, धूम दास चौक जुड़ा में, दुर्गा चौक, बजरंग चौक, नवापारा चौक दुर्गा चौक, रामायण चौक, गुड्डी चौक मां दुर्गा विराजित हैं।


मुंडा। इमली चौक पैंजनी ।


मुंडा। बजार चौक बरदा ।


मुंडा। महामाया मंदिर जुड़ा ।


मुंडा। दुर्गा चौक जुड़ा ।

## कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ



**भाटापारा।** जीएनए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने एन.एस.एस. के उद्देश्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. शशिकिरण कुजूर ने एन.एस.एस. की विकास यात्रा को विद्यार्थियों से साझा किया। डॉ. नवनीत द्विवेदी ने सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजन तिवारी ने एन.एस.एस. द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयं सेवकों का सम्मान एवं आगन्तुक स्वयं सेवकों का स्वागत किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयं सेवक श्री लीलेश्वर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक यादव ने किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनायी पं. उपाध्याय की जयंती



**भाटापारा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को भाजपा कार्यालय भाटापारा में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा समेत मौजूद सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया। शिवरतन शर्मा ने कहा जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका चिंतन और सिद्धांत समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके कार्य, विचार एवं आदर्श हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर निरंतर जनसेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण की ओर अग्रसर करता हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, नंदकिशोर अग्रवाल, योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, उमा शंकर वर्मा, गोपाल देवांगन, आशीष पुरोहित, रवि पाण्डेय, लुकू साहू, मनीष मिश्रा, गोविन्द पटेल, कुंजराम कोशले, दशरथ साहू, सतीश साहू, श्रेणीक गोलछा, शुभम राजपूत, बंटी टंडन, भुवन ठाकुर, मधु सोनी सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## साबर पंचायत में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा...





**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में जगह–जगह दुर्गा माता का प्रतिमा स्थापित की गई है। शारदीय नवरात्रि पर्व में अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए भक्तों ने ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है। ग्राम पंचायत साबर के स्कूल पारा गांधी चौक, गुड़ी चौक, सिदार चौक आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। दुर्गा माता के पंडालों में सुबह और शाम पांच महाआरती में भक्तों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहा हैं। नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया गया है। दुर्गा माता के पंडालों में विभिन्न का कार्यक्रमों हो रहा हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व में भक्तिमय माहौल बना हुआ है महामाया मंदिर में ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है। स्कूल पारा के चखला तालाब के पास ग्राम साबर चौराहों में विराजमान है, मां दुर्गा में मां दुर्गा की धूम मची हुई है।




